हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

2 ग्राम पंचायत भंवरमाल की जर्जर सड़क से राहगीरों का आवागमन करना हुआ मुश्किल



## खबर संक्षेप

### मंत्री आज करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण

**बिजुरी।** नगर पालिका परिषद बिजुरी क्षेत्र के विकास को नई गति देने के लिए शनिवार 11 अप्रैल को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल होंगे। नगर पालिका प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर 3 बजे से कार्यक्रमों की शुरूआत होगी।

### डॉ. रश्मि ने पुनः कार्यभार संभाला



**मनेन्द्रगढ़।** जिले के 220 बिस्तर अस्पताल मनेन्द्रगढ़ के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। निजी कारणों से अवकाश पर चल रही वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि कुमार ने पुनः अपना कार्यभार संभाल लिया है। उनके वापस लौटने से अस्पताल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नया विस्तार मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। डॉ. रश्मि कुमार के अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ अब पुनः क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं और मरीजों को मिलेगा। उनके कार्यकाल में पहले भी जटिल प्रसव और स्त्री रोग संबंधी मामलों का सफलतापूर्वक उपचार किया जाता रहा है, जिससे अस्पताल की सेवाओं पर लोगों का विश्वास लगातार बढ़ा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अविनाश खरे के अनुसार डॉ. रश्मि कुमार की वापसी से प्रसूति सेवाओं में और अधिक मजबूती आएगी।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में आवेदन शुरू

**मनेन्द्रगढ़।** शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जारी सूचना के अनुसार इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू होकर 5 मई को शाम 5 बजे तक चलेगी। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। विद्यालय द्वारा जारी कक्षावार रिक्त सीटों के अनुसार कक्षा 1 वीं में 50 सीटें उपलब्ध हैं, जबकि कक्षा 3 वीं, 4 वीं और 5 वीं में 1-1 सीट रिक्त है। कक्षा 7 वीं में 2 सीटें तथा कक्षा 8 वीं में 6 सीटें खाली हैं। इसी प्रकार कक्षा 11 वीं में कॉमर्स, जीव विज्ञान और गणित तीनों संकायों में 5-5 सीटें उपलब्ध कराई गई हैं। इन सभी कक्षाओं में बालक एवं बालिका दोनों के लिए प्रवेश की सुविधा रहेगी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रैम्पवॉक ने मोहा मन



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक कोरिया में प्राचार्य गोनेश कुमार गजेन्द्र के निर्देशन में वार्षिकोत्सव उमंग 2026 हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि आरजे पाण्डेय सहित विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम से हुई, इसके बाद विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कॉमेडी और रैम्पवॉक प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अनेकता में एकता थीम पर आधारित रैम्पवॉक विशेष आकर्षण रहा। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा दीपक कुमार साहू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हेमंत कुमार एवं श्रुतिशिखा श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

### जिला अस्पताल के पास घेराबंदी कर दबोचा गया

# अंबिकापुर दुष्कर्म, हत्याकांड के इनामी आरोपी को चिरमिरी से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

एमसीबी जिले के चिरमिरी पुलिस को एक बड़ी और अहम सफलता हाथ लगी है। अंबिकापुर में बीते दिनों हुए दुष्कर्म और हत्या के सनसनीखेज मामले के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर सरगुजा आईजी द्वारा 30 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया था।



आरोपी

जानकारी के अनुसार अंबिकापुर में हुई इस जघन्य वारदात ने पूरे सरगुजा संभाग सहित प्रदेशभर में सनसनी फैला दी थी। घटना की बर्बरता को देखते हुए लोग इसे निर्भया कांड जैसी दर्दनाक घटना से जोड़कर देख रहे थे। इस घटना के बाद से ही आरोपी फरार था और पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थीं। इसी बीच चिरमिरी पुलिस को सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक फोटो के माध्यम से महत्वपूर्ण सुराग मिला। फोटो के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध की पहचान की और तत्काल सक्रियता दिखाते हुए एमसीबी जिला अस्पताल के आसपास घेराबंदी कर दी। पुलिस की इस सुनियोजित कार्रवाई के चलते आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी किसी तरह का प्रतिरोध नहीं कर सका और पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी के बाद चिरमिरी पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को अंबिकापुर पुलिस के हवाले कर दिया। अंबिकापुर पुलिस टीम आरोपी को अपने साथ लेकर रवाना हो गई है, जहां उससे पूछताछ कर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और सतर्कता की सराहना की जा रही है। लंबे समय से फरार आरोपी की गिरफ्तारी से आमजन ने राहत की सांस ली है और लोगों में सुरक्षा को लेकर विश्वास भी बढ़ा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## 3360 कैप्सूल व बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पटना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद की हैं। पुलिस ने कुल




3360 नग कैप्सूल, एक बाइक और मोबाइल सहित करीब 1 लाख 20 हजार रूपए का मशरूका जब्त किया है। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज, पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया के निर्देश पर थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों, नशीली दवाओं व अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 10 अप्रैल को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर थाना पटना पुलिस ने ग्राम अंगा के ललन चौक में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी ओम प्रताप साहू पिता यदुनंदन साहू निवासी ग्राम अंगा, थाना पटना के कब्जे से 14 बॉक्स स्पोस प्लस कैप्सूल (प्रत्येक बॉक्स में 240 नग) कुल 3360 नग कैप्सूल, जिसकी कीमत लगभग 60 हजार रुपए है, जब्त किए गए। साथ ही एक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीयू 3538 एवं वीवो कंपनी का मोबाइल भी बरामद किया गया। कुल जब्ती की कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रूपए ऑकी गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22(सी) के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी पटना प्रमोद पांडे ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक इंदरजीत सिंह, आरक्षक संदीप साय, जोगेन्द्र सिंह एवं रामप्रकाश राजवाड़े का सराहनीय योगदान रहा।




## कोरिया में राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग शासन केपर्यटन एवं संस्कृति विभाग, मंत्रालय महानदी रायपुर के निर्देशानुसार ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत कोरिया जिले में राष्टीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

इस कार्य के सफल संचालन के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय दुबे, प्राचार्य महाविद्यालय बैकुंठपुर एमसी हिमधर, जिला शिक्षा अधिकारी वीके राय, मारुति शर्मा एवं बाल्मिक प्रसाद दुबे को सदस्य बनाया गया है। वहीं सर्वेक्षण कार्य के लिए डिप्टी कलेक्टर उमेश कुमार पटेल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दिया गया है।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि जिनके पास प्राचीन पांडुलिपियां उपलब्ध हैं, वे सर्वेक्षण दल अथवा नोडल अधिकारी को इसकी जानकारी दें। मूल दस्तावेज अपने पास रखते हुए फोटोकॉपी उपलब्ध कराकर भी पंजीयन कराया जा सकता है। इस पहल का उद्देश्य जिले की प्राचीन ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण एवं दस्तावेजीकरण करना है।

## महिलाओं को मजबूत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुरक्षित प्रसव के लिए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दे रही है, ताकि मातृ मृत्युदर को कम किया जा सके। बीते कुछ वर्षो के मुकाबले कोरिया जिले में संस्थागत प्रसव के मामले बढे हैं, इससे सुरक्षित मातृत्व योजना को मजबूती मिली है।

सरकार द्वारा सुरक्षित मातृत्व के लिए प्रतिवर्ष 11 अप्रैल को राष्टीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य गर्भावस्था, प्रसव और प्रसव के बाद महिलाओ के स्वास्थ्य देखभाल के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना है। सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाने के पीछे सरकार की मंशा है कि मातृत्व मृत्यु दर को कम करने और महिलाओं को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने पर जोर देना है। कोरिया जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात देखभाल के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है, संस्थागत प्रसव कराए जाने पर प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है, इसका असर यह देखने को मिल रहा है कि अब गांव-गांव में लोगों में जागरूकता आई है और ग्रामीण क्षेत्रों के ज्यादातर लोग अब सुरक्षित प्रसव के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। यही कारण है कि अब मातृ मृत्यु दर कम हो गया है। सरकारी अस्पतालों में प्रसव की पूर्ण सुविधा है और 24 घंटे सेवा उपलब्ध होने के कारण गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए परेशान नहीं होना पड़ता। यही कारण है कि अब गांव-गांव के लोग गर्भवती महिला को सुरक्षित प्रसव के लिए अस्पताल ले जाते हैं, जहां सुरक्षित प्रसव कराया जाता है।




### स्वास्थ्य विभाग की घर तक सेवा

गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। विभाग का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव कराई जाए, इसके लिए गर्भवती महिलाओं के लिए घर तक की सेवा प्रदान की जा रही है। महतारी एक्सप्रेस वाहन केवल गर्भवती महिलाओं के लिए हैं, इसके लिए जारी नंबर पर कॉल कर घर तक गर्भवती महिला को लेकर अस्पताल तक लाया जाता है और प्रसव पश्चात घर पहुंच सेवा प्रदान की जाती है।

### संजीवनी एक्सप्रेस भी मददगार

गर्भवती महिलाओं के लिए मुख्य रूप से महतारी एक्सप्रेस वाहन का संचालन कर सेवा प्रदान की जा रही है, इसके अलावा डायल 108 संजीवनी एक्सप्रेस वाहन भी कॉल करने पर गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक ले जाने में मदद कर रहा है। कई मामले तो ऐसे भी सामने आए हैं, जिनमें संजीवनी एक्सप्रेस वाहन में ही ईएमटी व सहयोगियों की मदद से वाहन में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया।

### स्वास्थ्य मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका

संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव में स्वास्थ्य मितानिन बनाए गए हैं, जिन्हें गर्भवती महिलाओं को जरूरी जानकारी देने के साथ सुरक्षित प्रसव कराने के लिए अस्पताल तक लाने की जिम्मेदारी दी गई है।

### परीक्षाएं समाप्त, घर लौट रहे छात्र-छात्राएं

**सोनहत।** क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं 10 अप्रैल को समाप्त होते ही घर लौटने की हलचल तेज हो गई। परीक्षा खत्म होते ही विद्यार्थी अपने सामान के साथ बस स्टैंड पहुंचे और अभिभावकों के साथ अपने-अपने गृह नगरों के लिए रवाना होते नजर आए। दोपहर बाद बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में छात्रों की खासी भीड़ देखने को मिली। अपने गंतव्य तक पहुंचने की जल्दबाजी में छात्र-छात्राएं पूरे दिन व्यस्त रहे। ग्रीष्मकालीन अवकाश की शुरूआत के साथ ही विद्यार्थियों में अपने गांव और घर पहुंचने का खासा उत्साह दिखाई दिया। कई छात्र-छात्राएं अवकाश के दौरान परिवार के साथ समय बिताने और ग्रामीण कार्यों में सहयोग करने को लेकर उत्साहित नजर आए।

## 16 से 30 तक स्व-गणना, 1 से 30 मई तक मकान सूचीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जनगणना 2027 के प्रथम चरण को सफल बनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

इस संबंध में प्रमुख जनगणना अधिकारी द्वारा राज्य के सभी जिला कलेक्टरों एवं नगर निगम आयुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अपर कलेक्टर कोरिया से मिली जानकारी के अनुसार जनगणना का प्रथम चरण यानी मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य जिले में 1 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। वहीं स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) का कार्य 16 से 30 अप्रैल के बीच संपादित होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के सफल संचालन के लिए आम जनता की जागरूकता और सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रचार माध्यमों का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निकायों की कचरा संग्रहण गाड़ियों में ऑडियो सिस्टम के माध्यम से जनगणना संबंधी संदेश प्रसारित किए जाएंगे। साथ ही शासकीय कार्यालयों और संस्थानों के एलईडी डिस्प्ले व नोटिस बोर्ड पर जनगणना से जुड़े वीडियो और स्लोगन प्रदर्शित किए जाएंगे, इसके अलावा प्रमुख ट्रैफिक सिग्नलों और चौराहों पर उपलब्ध सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली से भी जनगणना संबंधी संदेशों का प्रसारण किया जाएगा। स्थानीय केबल नेटवर्क और जिला स्तरीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी उपयोग प्रचार-प्रसार के लिए किया जाएगा। वहीं स्कूल, बस स्टॉप और ग्राम पंचायत स्तर पर पोस्टर, होर्डिंग आदि के माध्यम से भी जागरूकता बढ़ाई जाएगी। इस संबंध में अपर कलेक्टर व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैकुंठपुर, सोनहत, जिले के सभी तहसीलदारों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि जनगणना के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष पहल की जाए। साथ ही जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी तथा जनपद पंचायत बैकुंठपुर और सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्राम पंचायत स्तर तक प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जा सके। प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए प्रचार-प्रसार की कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ कर दी जाए, ताकि जनगणना 2027 का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## सलका मंडल में जनसंपर्क कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में तथा सलका मंडल के अध्यक्ष मैनेजर राजवाड़े की उपस्थिति में गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के दौरान टीम भाजपा ने ग्राम पंचायत चेरवापारा के रकिया (सीतापुर) पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया, सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और उनकी स्थानीय समस्याओं को सुना। कार्यक्रम में जिला महामंत्री महिला मोर्चा पुष्पा राजवाड़े ने मातृशक्ति को विशेष रूप से संबोधित करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं विशेषकर प्रधानमंत्री आवास योजना और महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से भेंट कर उनकी प्रतिक्रिया जानी और उन्हें योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके, इसकी जानकारी साझा की। ⏭ शेष पेज 4 पर

### गांव-गांव पहुंची भाजपा की मुहिम

**चरचा कॉलरी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल शिवपुर चरचा द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत बूथ क्रमांक 17 एवं 18, सुभाष नगर में व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने वार्डों का सघन भ्रमण कर घर-घर पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद किया और केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अभियान के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मुड्डुली, धर्मेन्द्र सिंह, सचिव मलिक, मुन्ना राम चक्रधारी, पार्षद श्रीमती रामकली पाल, आदित्य जायसवाल, कमलेश कुमार, पूर्व पार्षद श्रीमती सुमित्रा ठाकुर, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती झरमिला देवी एवं गोलू सहित सभी बूथ प्रभारी, पदाधिकारी, सदस्यगण एवं जनप्रतिनिधि सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने नागरिकों की समस्याएं भी सुनीं और उनके निराकरण ⏭ शेष पेज 4 पर






## इंद्रप्रस्थ स्कूल में 97 प्रतिशत रहा परिणाम

**बैकुण्ठपुर।** इंद्रप्रस्थ स्कूल बैकुंठपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शैलेश शिवहरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस वर्ष विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा, जिसे लेकर विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल देखा गया। परिणाम में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा नर्सरी में तेजस्विनी पटेल प्रथम, श्रेय कुर्रे द्वितीय एवं विकास तृतीय स्थान पर रहे। जेकेजी में पलाक्ष केवर्त्या प्रथम, कविता देवी रजवाड़े द्वितीय तथा अंतरा यादव तृतीय स्थान पर रहे। एसकेजी में वान्या सिंह एवं तनवी राजवाड़े ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंजनेय गुप्ता द्वितीय और नित्या साहू तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पहली में नैतिक साहू प्रथम, वान्या सिंह चौहान द्वितीय एवं श्रेया रजवाड़े तृतीय रहीं। कक्षा दूसरी में अनव्य सिंह एवं शाहीन अख्तर संयुक्त रूप से प्रथम, अभिषेक द्वितीय और परी तिवारी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा तीसरी में विज्ञांश मिश्रा प्रथम, राघव दुबे द्वितीय एवं सायदा मायरा अली तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा चौथी में प्रतिष्ठा वशिष्ठ प्रथम, शान्वी गुप्ता द्वितीय एवं इकरा तबरेज तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा छठवीं में अनन्या वशिष्ठ प्रथम, आलमीन मोहम्मदी द्वितीय एवं कल्पना कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा सातवीं में कृष गुप्ता प्रथम, अंशु ठाकुर द्वितीय एवं आलिया अंसारी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा नवमी में सलमा परवीन प्रथम, अमन कुमार द्वितीय एवं शिवम दास तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कक्षा ग्यारहवीं में नैतिक गुप्ता प्रथम, ओम अग्रहरी द्वितीय एवं सोफिया खान तृतीय स्थान पर रहीं। समारोह के दौरान सभी मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री शिवहरे ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी तथा विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संस्थापक सतेन्द्रपाल सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

### कभी तेज धूप तो कभी छा रहे बादल, दो-तीन दिनों बाद तापमान में होगी बढ़ोतरी

# रोजाना बदल रहा मौसम का मिजाज, आसमान साफ नजर आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में बीते कई दिनों से जारी खराब मौसम, आसमान में बादलों के डेरे एवं बीच-बीच में हो रही बारिश के बीच शुक्रवार को मौसम का मिजाज बदल गया और आसमान पूरी तरह से साफ हो गया।

इस दिन सुबह से ही आसमान साफ नजर आया और दिन भर चमकदार धूप निकली और दिनभर सूर्य की तेज चमक चमकती रही। इस कारण अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। मौसम विभाग के अनुसार अब इसी तरह से मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा। इसके चलते दो-तीन दिनों में ही अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की बढ़ोतरी होगी। उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह के शुरूआत से ही मौसम का मिजाज बदल गया था। इस दौरान तेज हवाओं के साथ जिले के कई क्षेत्रों में बेमौसम बारिश भी बीच-बीच में होती रही,



इसके बाद अब शुक्रवार से मौसम पूरी तरह से खुल गया और चमकदार धूप दिनभर बनी रही। इसी तरह का मौसम बने रहने से अब लोगों को तेज धूप के असर के कारण बढ़ती तापमान से गर्मी के असर का सामना करना पडेगा। अप्रैल माह के पहला सप्ताह बदली बारिश में बीता, लेकिन अब मौसम खुलने के बाद तेजी से तापमान में बढ़ोतरी होना शुरू हो जाएगा, इससे लोगों को तेज धूप के साथ गर्मी के असर का सामना करना पडेगा।

### तेज धूप के बाद छाया बादल

**सोनहत।** जिले के सोनहत क्षेत्र में 10 अप्रैल को मौसम पूरी तरह साफ रहा और सुबह से लेकर पूरे दिन तेज धूप के साथ हल्की गर्मी महसूस हुई। मौसम साफ होते ही किसान सक्रिय हो गए और गेहूं की कटाई के साथ-साथ उसकी थ्रेसिंग (मड़ाई) की तैयारी में जुट गए। पिछले दिनों आए तेज हवा और तूफान के कारण गेंहू की फसल को हल्का नुकसान हुआ था। साथ ही बेल वाली सब्जियों (जैसे लौकी, कद्दू आदि) को भी काफी नुकसान पहुंचा है। अब मौसम साफ होने के कारण किसान अपनी तैयार फसल को जल्दी से समेटने में लगे हैं। अधिकतर किसान जल्दबाजी में दिन-रात काम कर रहे हैं और कई जगह रात में भी थ्रेसिंग का काम जारी है।

